
अब तक का बेस्ट प्रदर्शन

रनों की बौछार के बीच सुंदर की ऐसी गेंदबाजी तारीफ के काबिल तो रही ही और शास्त्री ने उनकी तारीफ भी की। उन्होंने ट्वीट करते हुए लिखा कि, बल्लेबाजों की दुनिया में चेन्नई से वाशिंगटन तक। आईपीएल 2020 में अब तक का बेस्ट प्रदर्शन। स्पेशल।

## रवि शास्त्री ने सिर्फ 12 रन देने वाले गेंदबाज की तारीफ की

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। मुंबई इंडियंस व रॉयल चौलेंजर्स बैंगलोर के बीच खेले गए मुकाबले में बल्लेबाजों का बोलबाला रहा और इस मैच में कुल पांच अर्धशतकीय पारियां खेली गईं। मुंबई की तरफ से ईशान किशन व किरोन पोलार्ड जबकि आरसीबी की तरफ से आरोन फिंच, देवत्त पडिक्कल और एबी डिविलियर्स ने बेहतरीन अर्धशतकीय पारियां खेलीं। ये मैच आरसीबी के पक्ष में रहा, लेकिन इन बल्लेबाजों की तारीफ हर किसी ने की, लेकिन भारतीय क्रिकेट टीम के हेड कोच रवि शास्त्री ने किसी भी बल्लेबाज नहीं बल्कि इस गेंदबाजी की तारीफ की। रवि शास्त्री ने इस खिलाड़ी की तारीफ यूं ही नहीं कर दी। एक तरफ जहां इस मुकाबले में दोनों ही टीमों के गेंदबाजों पर खूब बन बने तो वहीं इस मुकाबले में आरसीबी के गेंदबाज वाशिंगटन सुंदर ने ना सिर्फ कसी हुई गेंदबाजी की बल्कि रोहित शर्मा का विकेट भी हासिल किया। सुंदर ने आरसीबी के लिए गेंदबाजी करते हुए अपने 4 ओवर के स्पेल में महज 12 रन दिए और एक विकेट लिया।

# आईपीएल 2020 में एक कप्तान जो सब पर भारी

क्रिकेट

## केएल राहुल टॉप पर...धौनी, कोहली और रोहित सारे फ्लॉप

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। इंडियन प्रीमियर लीग के 13वें सीजन में अब तक स्टार कप्तानों का बल्ला कुछ खास नहीं बोला है। महेंद्र सिंह धौनी, विराट कोहली और रोहित शर्मा ने अब तक जहां 100 रन का आंकड़ा नहीं पार किया है तो पहली बार कप्तानी का जिम्मा संभाल रहे केएल राहुल दनादन रन बरसा रहे हैं। किंग्स इलेवन पंजाब की कप्तानी करने वाले राहुल इस वक्त टॉप पर चल रहे हैं और टूर्नामेंट का पहला शतक भी उनके ही नाम है।

इस सीजन में अगर हम सिर्फ कप्तानों के बल्लेबाजी की बात करें तो राहुल के आगे दिग्गज कहीं नहीं ठहरते हैं। धौनी के उपर क्रम में बल्लेबाजी नहीं करने से आलोचना हो रही है तो रोहित शर्मा ओपनिंग करके भी तीन में दो पारियों में नाकाम रहे हैं। विराट का हाल और भी बुरा है तीनों पारियों में वह अब तक सिर्फ 18 रन ही जोड़ पाए हैं।



**राहुल का बल्ला मचा रहा हल्ला**

केएल राहुल ने अब तक तीन मैच में कुल 222 रन बनाए हैं और रन बनाने के मामलें में पहले नंबर पर काबिज हैं। उन्होंने 132 रन की सबसे बड़ी पारी खेलते हुए टूर्नामेंट में पहला शतक जमाया। 23 चौके और 9 छक्के के साथ उन्होंने टीम की जीत में अहम योगदान दिया है और बाकी सभी कप्तानों को पीछे छोड़ दिया है।

**स्टीव स्मिथ कप्तानों में दूसरे नंबर पर:** बतौर कप्तान स्मिथ ने भी अच्छी पारी खेली है। पंजाब के खिलाफ टूर्नामेंट के इतिहास के सबसे बड़े लक्ष्य का पीछा करते हुए उन्होंने अर्धशतक जमाया था। अब तक 2 मैच खेलकर उन्होंने 119 रन बनाए हैं।

**रोहित ने भी जमाया है अर्धशतक**

पहले मैच में फ्लॉप होने वाले रोहित ने कोलकाता के खिलाफ 80 रन की पारी खेली थी लेकिन तीसरे मैच में वह वापस से नाकाम होकर ही लौटे। अब तक तीन मैचों में उन्होंने कुल मिलकर 100 रन बनाए हैं जिसमें 80 रन की सर्वाधिक पारी शामिल है। उनके बल्ले से 5 चौके और 7 छक्के ही देखने को मिले हैं।

**एमएस धौनी का बल्ला खामोश**

दिग्गज कप्तानों कि लिस्ट में धौनी का नाम सबसे उपर लिया जाता है। इस सीजन तीन मैच खेलकर भी उनके खाते में महज 44 रन ही हैं। इस दौरान 29 रन की नाबाद पारी उनकी सबसे बड़ी पारी रही है। धौनी ने 2 चौके और 3 छक्के लगाए हैं।

**विराट कोहली सबसे पीछे**

अब तक तीनों मैचों में बतौर बल्लेबाज कोहली फ्लॉप रहे हैं। तीनों मुकाबलों में वह बस 29 गेंद तक ही खेल पाए हैं। 18 रन बनाने वाले कोहली कप्तानों की लिस्ट में पिछड़ते नजर आ रहे हैं।

# गर्भवती महिला के लिए कुछ ज्यादा ही रोमांचक मुकाबला

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

दुबई। इंडियन प्रीमियर लीग 2020 में रविवार को हुए मुकाबले में रॉयल चौलेंजर्स बैंगलोर ने रोमांचक मुकाबले में मुंबई इंडियंस को मात दी। सोमवार को विराट कोहली की कप्तानी वाली टीम ने सुपर ओवर में जीत दर्ज की। विराट कोहली ने विजयी चौका लगाया। वहीं, उनकी पत्नी और अनुष्का शर्मा ने इंस्टाग्राम पर अपनी टीम का हौसला बढ़ाया। अनुष्का ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर लिखा, एक गर्भवती महिला के लिए यह मैच बहुत रोमांचक था! यह क्या शानदार टीम है! इसके साथ उन्होंने जीत का जश्न मनाते रॉयल चौलेंजर्स के खिलाड़ियों की तस्वीरों का कोलाज साझा किया। इससे पहले अनुष्का ने

बैंगलोर की मुंबई पर सुपर ओवर जीत के बाद बोलीं अनुष्का

सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ टीम की जीत के बाद भी ऐसी ही एक पोस्ट साझा कर लिखा था, विनिंग स्मार्ट। अनुष्का और विराट ने पिछले महीने सोशल मीडिया पर ही अपने घर आने वाले नए मेहमान की खबर बताई थी।

**क्या रहा मैच का हाल**

RCB ने देवदत्त पडीक्कल (54) और आरोन फिंच (52) की बदौलत अच्छी शुरुआत की। इसके बाद एबी डि विलियर्स ने (55) रन बनाकर टीम को 200 के पार पहुंचाने में मदद की। युवा ऑल–राउंडर शिवम दूबे ने 10 गेंद पर 27 रन बनाए। हालांकि कप्तान कोहली के लिए यह मैच अच्छा नहीं रहा और वह 11 गेंद पर सिर्फ 3 रन बनाकर ही आउट हो गए। मुंबई इंडियंस की शुरुआत अच्छी नहीं रही और कप्तान रोहित शर्मा 8 और क्विंटन डि कॉक 14 रन बनाकर आउट हुए। सूर्यकुमार यादव खाता भी नहीं खोल पाए। 39 के स्कोर पर तीन विकेट खोलकर मुंबई की टीम संकट में थी। ईशान किशन ने जिम्मेदारी उठाई। 22 साल के इस युवा विकेटकीपर बल्लेबाज ने दो चौके और नौ छक्के लगाए। उन्होंने पांचवें विकेट के लिए कायरन पोलार्ड के साथ मिलकर पांचवें विकेट के लिए 119 रन जोड़े। इस साझेदारी ने मुंबई को मैच में वापसी करा दी। मैच सुपर ओवर में चला गया और यहां बैंगलोर ने जीत हासिल की।

## डॉमिनिक थीम और सेरेना विलियम्स ने दूसरे राउंड में बनाई जगह

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** पैरिस। अमेरिका की स्टार टेनिस खिलाड़ी सेरेना विलियम्स ने पहले सेट में जूझने के बाद वापसी करते हुए क्रिस्टी ऑन को सीधे सेटों में हराकर सोमवार को फ्रेंच ओपन के महिला एकल के दूसरे दौर में जगह बना ली। तीसरे वरीय डॉमिनिक थीम पुरुष एकल में जीत दर्ज करने में सफल रहे और दूसरे राउंड में पहुंच गए। छठी वरीय सेरेना ने क्रिस्टी को 7–6, 6–0 से हराया। सेरेना 40–0 के स्कोर पर मैच के लिए सर्विस कर रही थीं लेकिन क्रिस्टी ने तीन मैच पॉइंट बचाए। ऐस लगाकर सेरेना ने चौथा मैच पॉइंट हासिल किया लेकिन इसके बाद शॉट नेट पर मार दिया। सेरेना ने ब्रेक पॉइंट बचाया और फिर ऐस के साथ अमेरिका की अपनी हमवतन क्रिस्टी को बाहर का रास्ता दिखाया। क्रिस्टी पहले सेट में एक समय 3–1 और फिर 4–2 से आगे थी लेकिन सेरेना के अनुभव के आगे उन्हें घुटने टेकने पड़े। तीन बार की फ्रेंच ओपन चौंपियन 39 साल की सेरेना मारग्रेट कोर्ट के रेकॉर्ड 24 ग्रैंडस्लैम खिताब की बराबरी करने के लिए चुनौती पेश कर रही हैं।

## न्यूज डायरी



### एबी डिविलियर्स बोले, हमें फील्डिंग सुधारने की जरूरत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** दुबई। इंडियन प्रीमियर लीग 2020 में मंगलवार को मुंबई इंडियंस को सुपर ओवर में हराने के बाद रॉयल चौलेंजर्स बैंगलोर ने हरा दिया। मैच में बैंगलोर के लिए शानदार बल्लेबाजी करने वाले एबी डिविलियर्स ने माना है कि टीम को फील्डिंग सुधारने की जरूरत है। इससे पहले विराट कोहली ने कहा था कि फील्डिंग पर टीम को काम करने की जरूरत है। डिविलियर्स ने कहा कि टूर्नामेंट में आगे बढ़ते हुए टीम को अपनी गेंदबाजी और फील्डिंग पर काम करने की आवश्यकता है। मैच के बाद डिविलियर्स ने कहा कि शानदार मैच हुआ। इस बात में कोई संदेह नहीं है कि मुंबई के खिलाफ मुकाबले में हमारी टीम सर्वश्रेष्ठ रही। हमने वास्तव में दूसरी पारी उनके लिए आसान बना दिया। फील्डिंग के दौरान बहुत गलतियां हुईं और हमें टूर्नामेंट में आगे बढ़ते हुए इसे सुधारने की जरूरत है। यह केवल हमारा तीसरा मैच था, हो सकता है कि मैं बहुत कठोर हो रहा हूं, लेकिन हमें गलतियों को सुधारने की आवश्यकता है। हम फील्डिंग पर काम करेंगे।

### क्रिस गेल के सबसे बड़े रिकॉर्ड की बराबरी पर पहुंचे एबी डिविलियर्स

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। मुंबई इंडियंस के खिलाफ आरसीबी ने इस लीग का अपना तीसरा मैच खेला और इसमें सुपर ओवर में जीत दर्ज की। आरसीबी ने अब तक तीन मैचों में से दो में जीत दर्ज की है। इस मुकाबले में आरसीबी की शुरुआत काफी अच्छी रही और आरोन फिंच व देवदत्त पडिक्कल ने मिलकर टीम को मजबूत शुरुआत दिलाते हुए पहले विकेट के लिए 81 रन की साझेदारी कर डाली। एबी को उनकी शानदार बल्लेबाजी के लिए प्लेयर ऑफ द मैच का खिताब मिला। आइपीएल में ये 21वां मौका था जब उन्होंने ये उपलब्धि अपने नाम की। इससे पहले क्रिस गेल ही 21 बार आइपीएल में प्लेयर ऑफ द मैच का खिताब जीत चुके हैं। अब एबी क्रिस गेल की बराबरी पर आ गए हैं और एक बार और ये उपलब्धि हासिल करते ही वो आइपीएल में सबसे ज्यादा बार प्लेयर ऑफ द मैच का खिताब जीतने वाले बल्लेबाज बन जाएंगे।

### महेला जयवर्धने बोले– हम किसी भी स्थिति से जीत सकते हैं

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** दुबई। इंडियन प्रीमियर लीग 2020 में रॉयल चौलेंजर्स बैंगलोर के खिलाफ सुपर ओवर में हार का सामना करने के बाद, मुंबई इंडियंस के कोच महेला जयवर्धने ने अपनी टीम पर विश्वास दिखाया। उन्होंने कहा कि टीम के खिलाड़ी जानते है कि हम किसी भी स्थिति से जीत सकते हैं। सुपर ओवर में, मुंबई इंडियंस सिर्फ सात रन बना पाई और विराट कोहली और एबी डिविलियर्स ने बैंगलोर को जीत दिला दी। बता दें कि बैंगलोर ने पहले बल्लेबाजी करते हुए तीन विकेट पर 201 रन बनाए। जवाब में मुंबई की टीम भी 20 ओवर में पांच विकेट पर 201 रन ही बना सकी। जयवर्धने ने आगे कहा कि हमें पता है कि हम किसी भी स्थिति से मैच जीत सकते हैं और मौका बना सकते हैं। हमारे पास अच्छी टीम है। हमने बैंगलोर के खिलाफ अच्छी गेंदबाजी नहीं कि।

### 99 पर आउट होने वाले तीसरे बल्लेबाज बने इशान किशन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** दुबई। इशान किशन और कायरन पोलार्ड ने मुंबई इंडियंस और रॉयल चौलेंजर्स बैंगलोर के बीच हुए मुकाबले में शानदार साझेदार की। 2016 की अंडर–19 वर्ल्ड कप टीम के कप्तान रहे किशन आईपीएल में 99 के स्कोर पर आउट होने वाले तीसरे बल्लेबाज बन गए हैं। इससे पहले विराट कोहली और पृथ्वी साव भी शतक से महज एक रन पहले आउट हो चुके हैं। 99 के स्कोर पर आउट होकर पवेलियन जाने के अलावा किशन को टीम के जीत न दिला पाने का मलाल ज्यादा रहा होगा। चोट के कारण पहले दो मैच न खेल पाने वाले इस युवा खिलाड़ी ने अपने स्ट्रोक प्ले से सभी का दिल जीत लिया। चेन्नै सुपर किंग्स और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच हुए मुकाबले के दौरान सुरेश रैना ने 99 रन की नाबाद पारी खेली थी।